बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

22/02/2023

संख्या – 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(सुपौल)–20/2021 1715 **पटना, दिनांकः–**

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, सुपौल के पत्रांक 1201 दिनांक 04.11.2022 द्वारा श्री कुमार विभव, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04155) के विरूद्ध अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, खानापुरी कार्य की अनदेखी कर मनमाने ढ़ंग से कार्य करने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए सेवा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप एवं की गयी अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 4735 दिनांक 23.12.2022 द्वारा आरोपित से इनपर लगाए गए आरोप के विरूद्ध 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है।

आरोपित द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में स्थिति स्पष्ट की गयी है, किन्तु सर्वेक्षण कार्य में विलंब किया गया है। अतः कार्य में सुधार के दृष्टिगत अनुपस्थित अवधि का मानदेय कटौती करते हुए श्री कुमार विभव, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04155) को चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

22/2/23

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(सुपौल)–20/2021 1715 **पटना, दिनांक** :– 22/02/2023

प्रतिलिपि :– श्री कुमार विभव, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04155), बंदोबस्त कार्यालय, सुपौल को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(सुपौल)–20/2021 1715 **पटना, दिनांक** :– 22/02/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(सुपौल)–20/2021 1715 **पटना, दिनांक** :– 22/02/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित। साथ ही निदेश दिया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करें।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

22/2/23